
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा


6 नक्सलियों से मुठभेड़ में बड़ी सफलता


7 जनता के आशीर्वाद से सीधी संसदीय क्षेत्र को बनायेंगे पर्यटन और शिक्षा का हब : डॉ. राजेश मिश्रा


8 केंटो ने संन्यास लेने की घोषणा की

## एक नजर में

### मंडला में मतदान अधिकारी की मौत

**भोपाल.** प्रदेश के मंडला में चुनाव सामग्री ले जाते समय मतदान अधिकारी मनीराम कांवरे की मौत हो गई. मंडला लोकसभा सीट में 19 अप्रैल को मतदान होगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने जिला मुख्यालय मंडला में मतदान दलों की रवानगी के दौरान मतदान अधिकारी क्र.-1 मनीराम कांवरे (सहायक अध्यापक) की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है. राजन ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुग्रह सहायता प्रावधानों के अनुसार मृतक कांवरे की धर्मपत्नी श्यामा बाई कांवरे को 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि मंजूर कर दी गयी है. साथ ही सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मंडला को मृतक के परिवार के आश्रित पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रकरण शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं.

### नोएडा में ड्रग्स के साथ 4 विदेशी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा.** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में फिर से कमिश्नरेट पुलिस ने ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर टीम ने दो बार ड्रग्स फैक्ट्री को पकड़ चुकी है. इस पकड़ी गई ड्रग्स फैक्ट्री को मिलाकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की ये जिले में नशे के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्रवाई बतायी जा रही है. पुलिस टीम ने मौके से चार विदेशी नागरिकों को पकड़ा है. बरामद की गई ड्रग्स की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक की बताई जा रही है. इस ड्रग्स की सप्लाई विदेशों में होती थी. प्रदेश में चल रहे मादक पदार्थ पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की प्रहार अभियान के तहत लगातार एक ही जोन में तीसरी कार्यवाही है.

### स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण

**नयी दिल्ली.** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, दीपुर से गुरूवार को स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज़ मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया. रक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षण के दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया . परीक्षण रेंज पर विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर द्वारा मिसाइल परीक्षण की निगरानी की गई थी. वायु सेना के सुखोई विमान से भी मिसाइल की उड़ान पर नजर रखी गई. इस सफल उड़ान परीक्षण के माध्यम से गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली को भी कसौटी पर परखा गया.

# एमपी की 6 सीटों पर मतदान आज

## 88 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे एक करोड़ 13 लाख वोटर

**7 बजे से शाम 6 बजे तक देश में 102 सीटों पर वोटिंग**

**संवेदनशील मतदान केंद्रों के बाहर भी लगाए गए कैमरे**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल/दिल्ली 18 अप्रैल . लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ( यूटी ) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा.**

वहीं, प्रदेश के 6 संसदीय क्षेत्रों में मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को मतदान दलों ने मतदान केंद्रों में मोर्चा संभाल लिया है। पहले चरण में एक करोड़ 13 लाख से अधिक मतदाता 88 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। पहले चरण में 7 महिला उम्मीदवारों की भी किस्मत दांव पर लगी है। मतदान सबेरे 7 बजे से शुरू होगा, जो कि शाम 6 बजे तक चलेगा। नक्सल प्रभावित बालाघाट संसदीय क्षेत्र के 3 विधानसभा क्षेत्रों लांजी, परसवाड़ा और बैहर में मतदान शाम 4 बजे तक होगा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने और जरुरी सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक एयर एंबुलेंस जबलपुर में तैनात किया गया है, वहीं दूसरा हेलीकॉप्टर बालाघाट में तैनात रहेगा। बालाघाट के अलावा मंडला, छिंदवाड़ा, शहडोल, सीधी और जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए 13588 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इसके साथ ही 18 सहायक मतदान केंद्रों में भी मतदान होगा। 1118 मतदान केंद्र केवल महिलाओं द्वारा ही संचालित किए जाएंगे।

### पानी से लेकर ओआरएस तक का रहेगा इंतजाम

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के कारण कहीं मतदान प्रभावित नहीं हो, इसके लिए भी स्थानीय प्रशासन ने पूरे इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों में छाया, पानी के साथ ही ओआरएस की भी व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए वालंटियर्स भी तैनात किए गए हैं, वहीं दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए वाहन भी इंतजाम किया गया है।

### पहले चरण में 2651 मतदान केंद्र संवेदनशील

पहले चरण में 13588 मतदान केद्रों में से 2651 को संवेदनशील मतदान केंद्र की श्रेणी में रखा गया है। यहां सुरक्षा के अतिरिक्त बंदोबस्त किए गए हैं। विशेष रूप ये यहां मतदान केंद्रों के बाहर भी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे कि मतदान केंद्रों में किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों पर सीधी नजर रखी जा सके।


### 6 संसदीय क्षेत्रों में 47 विस शामिल

पहले चरण के 6 संसदीय क्षेत्रों में कुल 47 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसी तरह 13 जिलों के अलावा 2 जिले भी आंशिक रूप से शामिल हैं। पहले चरण में मतदान के लिए 18102 बैलेट यूनिट, 13588 सीयू और 13588 वीवीपैट का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा 20 फीसदी बीयू और सीयू के अलावा 30 फीसदी वीवीपैट भी अतिरिक्त रूप से रखे गए हैं। मतदान से पहले मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाताओं को क्यूआर कोड तथा फोटो युक्त मतदाता सूचना पर्ची तथा वोटर गाईड भी वितरित की गई है।

### क्यूट स्माइल वाली लेडी पोलिंग ऑफिसर




लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है. इस दौरान सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे. इस बीच छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की एक खूबसूरत महिला चुनाव अधिकारी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है. ये महिला छिंदवाड़ा के आपूर्ति विभाग की अधिकारी सुशीला कनेश है. इसे लेडी पोलिंग ऑफिसर बनाया गया है .दरअसल वोटिंग कराने वाले दलों को चुनावी सामग्री गुरुवार को बांटी गई. इस दौरान उक्त खूबसूरत महिला अधिकारी का हाथ में ईवीएम लेकर जाती का फोटो मध्य प्रदेश के जनसंपर्क विभाग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शेयर करते हुए सोशल मीडिया पेज पर लिखा है, कर्तव्य पथ पर बढ़ते कदम, मतदान कराने चले हम...छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 16 निर्वाचन दल के सदस्य लोकतंत्र के महापर्व में निभा रहे हैं. अपनी सहभागिता. आप भी निभाएं अपना फर्ज, वोट डालने जरूर जाएं. बहरहाल यह खूबसूरत तस्वीर को सोशल मीडिया में जमकर वायरल होने के बाद आज दिन भर चर्चा में रही.



लोकसभा चुनाव का पहला चरण आज से शुरू !

# कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़

## राहुल गांधी ने वीडियो जारी किया



**नयी दिल्ली, 18 अप्रैल ( वार्ता ) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए आज एक वीडियो जारी किया और कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं. गांधी ने लोक सभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं.**

मैंने सोचा चुनाव का समय है, मैं आपसे थोड़ी सी सीधी बात कर लूं. ये आम चुनाव नहीं है. ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में हैं.

उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है. इसमें हमारी कुछ महत्वपूर्ण गारंटी हैं-गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए, अप्रेंटिसशिप का अधिकार- सभी ग्रैजुएट्स और डिप्लोमा होल्डर्स को एक साल की अप्रेंटिसशिप और एक लाख रुपए. किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी. मनरेगा श्रमिकों का मेहनताना कम से कम 400 रुपए. कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी को खत्म करेंगे.

### सरकार बनने पर अग्निवीर को खत्म करेंगे

30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे. अग्निवीर को खत्म करेंगे. जीएसटी व्यवस्था को ठीक करेंगे. कांग्रेस नेता ने कहा हमने जनता की बात सुनकर यह मेनिफेस्टो तैयार किया है. आप इसके बारे में देश की जनता को बताइए. उन्हें बताइए कि भाजपा हिंदुस्तान की सोच पर हमला कर रही है, हिंदुस्तान की विचारधारा को खत्म कर रही है, संविधान को मिटाने की कोशिश कर रही है.आप सभी को बहुत-बहुत प्यार .नमस्कार, जय हिंद.

# चुनाव आयोग आशंकाएं दूर करे

## सुको ने कहा-चुनाव में पवित्रता होनी चाहिए

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल ( वार्ता ) उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ( ईवीएम ) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल ( वीवीपैट ) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान ( गिनती ) या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया. सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है. इसमें पवित्रता होनी चाहिए.**

गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के दौरान उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा, आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है. शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए.

# मोदी के हाथों में पहुंची 'सबके राम'

## अनूठी कॉफी टेबल बुक को हाथ में लेकर भावुक हुए पीएम

**नयी दिल्ली 18 अप्रैल ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आह्वान किया कि राम जन्मभूमि के मंदिर के लिए सदियों के संघर्ष, बलिदान, समर्पण, त्याग, विजय एवं सामाजिक चेतना के उद्घोष की कहानी पूरे विश्व के भारत वंशियों तक पहुंचनी चाहिए.**

मोदी ने यहां भारत प्रकाशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण गोयल एवं पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर के हाथों पांचजन्य द्वारा एक कॉफी टेबल बुक सबके राम के रूप में प्रकाशित 500 वर्षों के राम जन्मभूमि के संघर्ष की गाथा को ग्रहण करने के बाद उक्त उद्गार व्यक्त किये.




# शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

**मुंबई 18 अप्रैल ( वार्ता ) प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की संपत्ति कुर्क कर ली.**

ईडी ने एक बयान में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा, जिन्हें राज कुंद्रा के नाम से भी जाना जाता है, से संबंधित अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न करने के अपने फैसले की घोषणा की. बयान में कहा गया,ईडी, मुंबई ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से संलग्न किया है. संलग्न संपत्तियों में वर्तमान में जुहू में स्थित आवासीय फ्लैट शामिल है.



कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने जुलाई 2021 में 11 अन्य लोगों के साथ कथित तौर पर अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें प्रचलन के लिए कुछ ऐप्स पर अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया था. दो महीने जेल में बिताने के बाद, कुंद्रा को सितंबर 2021 में मामले में जमानत मिल गई. उन्होंने हालांकि, कहा कि वह निर्दोष हैं और उन्हें झूठे मामले में फंसाया जा रहा है.

### चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली 18 अप्रैल ( वार्ता )** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी. इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा. अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं. इस बीच, तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा. इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा.

# अमित शाह का गुजरात में रोड-शो

**गांधीनगर, 18 अप्रैल. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को गुजरात के साणंद, गांधीनगर और वेजलपुर में आयोजित भव्य रोड-शो किया और गुजरात की जनता से 2014 और 2019 की ही भांति इस बार भी हर सीट पर प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने का आह्वान किया। रोड शो में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उपस्थित थे।**

पहला रोड शो साणंद में एपीएमसी सर्कल से शुरू होकर नलसरोवर चौक पर समाप्त हुआ। अगला रोड शो कलोल में जेपी गेट से टॉवर चौक तक हुआ। तीसरा रोड शो वेजलपुर के सरदार पटेल चौक से नारणपुरा तक हुआ। इस रोड शो जनता की बड़ी भीड़ उमड़ी। हर ओर भारत माता की जय, जय श्री राम और मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे।



**बोले भाजपाई** आलोक शर्मा ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनको जहां से चुनाव लड़ने का बोला वे वहां पहुंच गए : डॉ. मोहन यादव

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा

**भोपाल, 18 अप्रैल. भोपाल लोकसभा सीट हर बार जीत के नए रिकार्ड बना रही है. इस बार भी भोपाल में गाड़ा गया खंब सबसे अलग दिखना चाहिए. हमारे प्रत्याशी आलोक शर्मा ऐसे प्रत्याशी हैं,**

जिनको जहां से चुनाव लड़ने का बोला वे वहां पहुंच गए. विधानसभा चुनाव में उत्तर सीट से जिम्मेदारी दी तो वहां भी लड़े. उत्तर विधानसभा सीट चुनौती वाली थी, लेकिन वे चुनौती से डरे नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला किया. हमारा भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस के लोगों को रात-दिन सपने आ रहे हैं, उन्हें बिजली के झटके लग रहे हैं. यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भवानी चौक में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही. सभा के पहले मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पार्टी नेताओं एवं प्रत्याशी श्री आलोक शर्मा ने साथ कर्फ्यू वाली माता मंदिर भवानी चौक में पूजन अर्चन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो कार्यकर्ताओं की पार्टी है. भाजपा तो कर्मठ कार्यकर्ताओं के लिए ही विश्व में जानी जाती है. भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए अहम है, वह पार्टी की रीढ़ है.



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब बादल गरजते हैं तो आज भी हड्डियां दुखती है और कर्फ्यू वाली माता मंदिर का मैदान याद आता है. वह हमारा संघर्ष का इतिहास था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है. मैं भगवान से कभी भी धन और बल नहीं मांगता और न ही स्वर्ग और मुक्ति मांगता हूं. मैं सिर्फ यही मांगता हूं कि जब भी मेरा जन्म दोबारा हो जनता की सेवा कर सकूं.

## गुस्ताखी माफ

